कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 1973 रायपुर, दिनांक 8/08/19

प्रेस विज्ञप्ति

सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) एवं शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि में वृद्धि करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालक, लोक शिक्षण, छ.ग. के प्रस्ताव पर सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) भर्ती परीक्षा एवं शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा का आयोजन दिनांक 11 अगस्त 2019, रविवार को दो पालियों में किया जायेगा । प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:00 से 12:15 बजे तक सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) भर्ती परीक्षा एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:00 से 5:15 बजे तक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं के प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर दिनांक 03.08.2019 से अपलोड कर दिया गया था । दिनांक 03.08.2019 से 08.08.2019 को रात्रि 11:59 बजे के मध्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दी गई थी।

आज दिनांक तक सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) भर्ती परीक्षा के लगभग 2,300 एवं शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा के लगभग 1,300 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किए हैं । अतः परीक्षार्थियों के हित में प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि में वृद्धि की गई है । अभ्यर्थी परीक्षा दिवस तक प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

PC

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर